SOUTHWESTERN Public Health
Oxford • Elgin • St.Thomas

**St. Thomas Site**
1230 Talbot Street
St. Thomas N5P 1G9
519-631-9900

**Woodstock Site**
410 Buller Street
Woodstock N4S 4N2
519-421-9901

**1-800-922-0096 | www.swpublichealth.ca**



# ऑपरेटरों के लिए मार्गदर्शन : हेयरड्रेसिंग और बार्बरिंग

## स्वास्थ्य संबंधी चिंता

हेयरड्रेसिंग/बार्बरिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरण/औज़ार बैक्टेरिया, फंगस या Hepatitis B, Hepatitis C और HIV जैसे वायरस से दूषित हो सकते हैं । **आपको संक्रमण के संचारण के लिए औज़ारों पर रक्त या बॉडी फ्लुइड्स** (शरीर के द्रव्य तत्वों) **को देखने की ज़रूरत नहीं है ।**

## वैधानिक आवश्यकताएँ:

व्यक्तिगत सेवा सेटिंग्स (Personal Service Settings) (PSS) को *ओंटारियो विनियमन 136/18: व्यक्तिगत सेवा सेटिंग (***Ontario Regulation 136/18: Personal Service Settings***) के अनुपालन में परिचालन करना आवश्यक है* ।

PSS के ऑपरेटरों और कर्मचारियों को संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण अभ्यासों के बारे में अधिक जानने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य ओंटारियो से *व्यक्तिगत सेवा सेटिंग्स में संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए गाइड* की समीक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जो PSS में संक्रमण के संचारण के जोखिम को कम करते हैं ।

### ऑपरेटर स्वास्थ्य और सुरक्षा

- सेवा आरंभ करने से पहले ऑपरेटर को हाथ साफ करने होंगे ।
- सेवा के दौरान ऑपरेटर को खाना, पीना या धूम्रपान नहीं करना चाहिए ।
- अच्छी व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाएँ ।

## त्वचा को लेकर तैयार

- जिन ग्राहकों को काम किए जा रहे क्षेत्र के 6 इंच के भीतर चोट, घाव, चकत्ते या दृश्यमान त्वचा संक्रमण है, उन्हें सेवा प्रदान न करें ।
- सिर में जूंएंया खोपड़ी या गर्दन में फंगल संक्रमण के लक्षण वाले ग्राहक को सेवा न दें । ग्राहक को मूल्यांकन के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से मिलने की सलाह दें ।

## उपकरण और औजारः

- ग्राहक की त्वचा और गर्दन की ओढनी के बीच सैनिटरी नेक स्ट्रिप या साफ तौलिये का उपयोग करें । ग्राहकों के बीच इसका उपयोग न करें या इसे धोएँ ।
- डबल-डिपिंग (एक ही उपयोग के दौरान (साफ किए बिना) दो बार दवा में डुबोने), यानी, ग्राहक को एप्लिकेटर से छूना और फिर अधिक उत्पाद प्राप्त करने के लिए उसी एप्लिकेटर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है । निम्नलिखित विधियों की अनुमति है :
    - ऐसे कंटेनरों का उपयोग करें जिन से उत्पाद को निचोड़ कर या पंप कर के बाहर निकाला जा सके ।
    - उत्पाद प्राप्त करते समय एप्लिकेटर का उपयोग करें ।
    - सिंगल यूज़ (केवल एक बार उपयोज्य) कंटेनर्स का इस्तेमाल करें ।
- उपकरण और औज़ार जिन्हें एक ग्राहक से दूसरे ग्राहक के बीच ठीक से साफ और डिसइन्फेक्ट (कीटाणुरहित) नहीं किया जा सकता है, वे सिंगल यूज़ (केवल एक बार के उपयोग) किए जाने चाहिए (उदाहरण के लिए, फॉइल, कागज, शेविंग ब्लेड) ।
- स्थिर ब्लेड वाले सीधे रेज़र की अनुशंसा नहीं की जाती है । यदि उपयोग किया जाता है, तो उन्हें साफ और स्टेरेलाइज़्ड किया जाना चाहिए । स्टेरेलाइज़ेशन फैक्ट शीट देखें ।

## सफाई और कीटाणुशोधन

### सफाई

- सभी औज़ार, उपकरण और सतहें जिन्हें सफाई और कीटाणुशोधन की आवश्यकता होती है, उन्हें **ज़रूरी रूप से** पहले पूरी तरह से अलगा दिया जाना चाहिए । फिर वस्तुओं को साबुन या डिटर्जेंट के साथ गर्म पानी में साफ करना चाहिए ।
- प्रत्येक उपयोग के बाद सभी लिनेन को अवश्य धोना चाहिए और इसकी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध होनी चाहिए ।
- दीवारों, फर्शों, छतों और सतहों की नियमित सफाई की जानी चाहिए ।

### कीटाणुशोधन

कीटाणुशोधन से जुड़े सारे काम प्रतिदिन नए सिरे से या निर्माता के निर्देशों के अनुसार किए जाने चाहिए । सभी कीटाणुशोधकों के पास हेल्थ कनाडा द्वारा जारी एक दवा पहचान संख्या (drug identification number (DIN)) या एक प्राकृतिक उत्पाद संख्या (natural product number (NPN)) होनी चाहिए ।

| स्तर | कब इस्तेमाल करें | उदाहरण |
|---|---|---|
| निम्न स्तर | उपकरण और औज़ार या आइटम जो सीधे ग्राहक से संपर्क नहीं करते हैं या केवल बालों या इंटैक्ट (कार्य-स्थल से बाहर की) त्वचा से संपर्क करते हैं । | • उच्च स्पर्श सतहें उदाहरणार्थ कुर्सियाँ, मेज, सिंक<br>• कंघियाँ और ब्रश<br>• री-यूज़ेबल (पुनः उपयोज्य) कलर मिक्सिंग बाउल<br>• बालों की कैंची<br>• हेयर क्लिपर ब्लेड<br>• हेयर रोलर्स, क्लिप्स और कैप्स<br>• क्रोशिया हुक |

| | | |
|---|---|---|
| मध्यम स्तर | औजार, उपकरण, या आइटम्स जिनका उद्देश्य केवल इंटैक्ट त्वचा से संपर्क करना है, लेकिन जो गलती से गैर-इंटैक्ट (कार्य-स्थल से बाहर की) त्वचा या म्यूकस मेंबरेंस (श्लेष्म झिल्ली) के संपर्क में आ सकते हैं या त्वचा में प्रवेश कर सकते हैं । | • हेयर क्लिपर ब्लेड*<br>• बालों की कैंची*<br>• क्रोशिया हुक* |
| उच्च स्तर | कोई भी सतह, औजार या उपकरण जो रक्त के संपर्क में आ सकते हैं । | उपलब्ध नहीं |

* यदि उपकरण त्वचा को खरोंचते हैं तो कीटाणुशोधन के बढ़े स्तर की आवश्यकता होती है ।

स्वीकृत कीटाणुशोधकों और संपर्क समय की जानकारी के लिए **कीटाणुशोधन चार्ट** देखें ।

## वेस्ट डिस्पोज़ल (अपशिष्ट निपटान)

- जिस वेस्ट पर रक्त और/या बॉडी फ्लुइड लगे हों उसे लीक-प्रूफ बैग में फेंकें ।
- उपयोग के बाद सिंगल-यूज़ उपकरणों और औजारों को बाहर फेंक दें ।
- सिंगल-यूज़ शार्प को एक स्वीकृत शार्प कंटेनर में फेंक दिया जाना चाहिए जो कैनडा स्टैंडर्ड्स एसोसिएशन के मानकों को पूरा करता हो ।
- जब सामग्री कंटेनर पर फिल लाइन मार्क तक पहुंच जाए या तीन-चौथाई भर जाए तो शार्प कंटेनरों को सील कर दिया और बदल दिया जाना चाहिए ।

## रिकॉर्ड रखना

### ग्राहकों के रिकॉर्ड

- **केवल** बाल बनाने और हजामत सेवाएं प्रदान करने वाले परिसरों को ग्राहक रिकॉर्ड रखने की आवश्यकता से छूट दी गई है ।
- यदि हेयरड्रेसिंग और बार्बरिंग के अलावा अन्य सेवाएं प्रदान की जातीं हैं, तो ग्राहक का नाम और संपर्क जानकारी दर्ज की जानी चाहिए ।

### आकस्मिक रक्त या बॉडी फ्लुइड संपर्क

- PSS के लिए सभी आकस्मिक रक्त या बॉडी फ्लुइड से संपर्क को रिकॉर्ड करना आवश्यक है । रिकॉर्ड्स में **आकस्मिक ब्लड एक्सपोज़र लॉग** में उल्लिखित जानकारी शामिल होनी चाहिए ।
- रिकॉर्ड को एक साल तक ऑन-साइट रखा जाना चाहिए । पहले साल के बाद, रिकॉर्ड को कम से कम दो सालों तक सुरक्षित जगह पर संभाल के रखा जाना चाहिए और आसानी से उपलब्ध रखा जाना चाहिए ।

## सवाल?

यदि आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया अपने क्षेत्र के Public Health Inspector (सार्वजनिक स्वास्थ्य निरीक्षक) से 1-800-922-0096 पर संपर्क करें ।